यू.के.पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा-2024 : सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र-IV)

(नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा और अभिरुचि)

UKPCS Mains Exam-2024 : General Studies (Paper-IV)

(Ethics, Integrity and Aptitude)

निर्धारित समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 200

Time allowed: 3 Hours | Maximum Marks: 200

भाग - 1 / Part - 1

05 × 04 = 20 अंक / Marks

नोट / Note: इस भाग में कुल 05 प्रश्न (प्रश्न संख्या-01 से 05 तक) हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

This part contains 05 questions (Q. No. 01 to 05). All questions are compulsory. Each question carries 04 marks. The maximum word limit for each question is 50 words.

Q1. श्री अरविन्द के पाँच स्वप्न क्या हैं ? लिखिए।

Write five dreams of Sri Aurobindo.

[04 अंक / 04 Marks | 50 शब्द / Words]

Q2. उदाहरण सहित अभिवृत्ति शक्ति तथा व्यवहार पर इसके प्रभाव की व्याख्या करें।

Explain strength of attitude and its impact on behaviour with example.

[04 अंक / 04 Marks | 50 शब्द / Words]

Q3. लोक प्रशासन के संदर्भ में 'सत्यनिष्ठा' के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

Describe the significance of value of 'integrity' in context of Public Administration.

[04 अंक / 04 Marks | 50 शब्द / Words]

Q4. "नैतिकता और मूल्यों को अकसर एक साथ जोड़ दिया जाता है, विशेषकर तब जब भ्रष्टाचार या खराब प्रशासन से निपटने के बारे में चर्चा की जाती है।" टिप्पणी कीजिए।

"Ethics and values are frequently conflated, especially when discussing how to combat corruption or poor administration." Comment.

[04 अंक / 04 Marks | 50 शब्द / Words]

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

Q5. "सार्वजनिक अधिकारियों को परिवर्तनात्मक, उद्देश्यपूर्ण, पेशेवर और कुशल होना चाहिए तथा समुदाय और सरकार के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए कार्य करना चाहिए।" टिप्पणी कीजिए।

"Public Officers should be innovative, objective, professional and efficient and work to get better result for the community and the government." Comment.

[04 अंक / 04 Marks | 50 शब्द / Words]

भाग - 2 / Part - 2

10 × 08 = 80 अंक / Marks

नोट / Note: इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या-06 से 15 तक) हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 08 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।

This part contains 10 questions (Q. No. 06 to 15). All questions are compulsory. Each question carries 08 marks. The maximum word limit for each question is 100 words.

Q6. भारतीय समाज के उत्थान में राजा राममोहन राय के प्रमुख योगदान का उल्लेख कीजिए।

Point out main contributions of Raja Rammohan Roy in the upliftment of Indian society.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q7. आधारभूत सद्गुण नैतिकता क्या है ? क्या ये आधुनिक समय में प्रासंगिक है ?

What are the cardinal virtue ethics? Is it relevant in the modern time?

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q8. गाँधीजी के अनुसार "नीतिपरक आचरण क्या है" ? वर्णन कीजिए।

According to Gandhiji, "what is the ethical conduct"? Illustrate them.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q9. 'सुशासन' के लिए आवश्यक नैतिक एवं राजनीतिक अभिवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

Describe the essential moral and political attitudes required for 'good governance'.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q10. सुशासन के लिए लोक सेवक में परानुभूति गुण का होना महत्त्वपूर्ण माना जाता है। विवेचन करें।

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

Empathy is considered an important disposition in a civil servant for effective administration. Comment.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q11. लोक सेवकों में गैर-नैतिक व्यवहार को रोकने के तरीकों का वर्णन कीजिए।

Describe the ways to prevent non-ethical behaviour in civil servants.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q12. नैतिक दुविधा उपागम के प्रमुख सोपान क्या हैं? एक सिविल सेवक की तरह उत्तर दीजिए।

What are the main steps of ethical dilemma approach ? Answer as a civil servant.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q13. "लोक सेवकों को कानूनी ढाँचे और संवैधानिक सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, उचित प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।" विश्लेषण कीजिए।

"Civil servants must comply with legal frameworks and Constitutional Principles, ensuring due process and protecting individual rights." Analyse.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q14. "किसी भी कम्पनी के लचीलेपन एवं दीर्घकालिक सफलता के लिए अच्छी कॉर्पोरेट शासन उसकी कार्य योजना का हिस्सा होना चाहिए।" कथन की व्याख्या करें।

"Good corporate governance should be part of any company's game plan for resilience and long-term success." Explain the statement.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

Q15. "शासन में ईमानदारी की अवधारणा का तात्पर्य उच्च नैतिक मानकों के पालन तथा भ्रष्टाचार एवं सत्ता के दुरुपयोग से बचने से है।" आलोचनात्मक रूप से समझाइए।

"Probity in governance refers to the adherence to high level ethical standards and the avoidance of corruption and abuse of power." Critically explain.

[08 अंक / 08 Marks | 100 शब्द / Words]

भाग - 3 / Part - 3

10 × 10 = 100 अंक / Marks

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

नोट / Note: इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या-16 से 25 तक) हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

This part contains 10 questions (Q. No. 16 to 25). All questions are compulsory. Each question carries 10 marks. The maximum word limit for each question is 150 words.

Q16. अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता के नये आयाम क्या हैं ? व्याख्या कीजिए।

What are the New Dimensions of International Morality? Illustrate them.

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q17. प्रशासनिक कार्यों में आप भावनात्मक बुद्धि का प्रयोग किस प्रकार करेंगे ?

How will you use the emotional intelligence in the administrative functions?

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q18. अभिवृत्ति का अर्थ बताएँ तथा एक लोक सेवक में कौन सी अभिवृत्तियाँ अनिवार्यतः होनी चाहिए।

Conceptualize aptitude and explain which aptitudes a civil servant must have necessarily.

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q19. सामाजिक प्रभाव को परिभाषित कीजिए। सामाजिक प्रभाव और अनुनय का 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान की सफलता में क्या योगदान है ?

Define social influence. What is the contribution of social influence and persuasion in 'Beti Bachao Beti Padhao' abhiyaan?

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q20. 'मैं अपनी भावनाओं की दया पर नहीं रहना चाहता। मैं उनका उपयोग करना चाहता हूँ, उनका आनंद लेना चाहता हूँ, उन पर नियंत्रण करना चाहता हूँ।' भावात्मक बुद्धि के प्रकाश में इस वक्तव्य के पक्ष/विपक्ष में अपना तर्क दीजिए।

'I do not want to be at mercy of my emotions. I want to use them, to enjoy them, to control them.' Comment by giving your logic in favour of/ against this statement, in the light of emotional intelligence.

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q21. "सूचना का अधिकार अधिनियम सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण के तहत नागरिकों के सूचना के अधिकार के सम्बंध में नियम और प्रक्रियाएँ निर्धारित करता हैं, ताकि प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा सके।" विश्लेषण कीजिए।

"Right to Information Act sets out the rules and procedures regarding citizens' right to information under the control of public authorities, in order to promote transparency and accountability." Analyse.

CHAHAL IAS

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q22. "भ्रष्टाचार आर्थिक विकास को नष्ट करता है और दबाता है तथा असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरणीय समस्या को बदतर बनाता है।" आलोचनात्मक रूप से व्याख्या करें।

"Corruption destroys and represses economic growth and makes inequality, poverty, social division and environmental problem worse." Critically explain.

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q23. निम्नलिखित प्रकरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा : 150 शब्द)

राज्य परिवहन विभाग में कई वर्षों से अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जा रहे हैं। लाइसेंस जारी करने, टैक्स जमा करने और फिटनेस सर्टिफिकेट देने जैसी प्रक्रियाओं में घूसखोरी और गलत दस्तावेज़ों के आधार पर काम किया जा रहा है।

एक ताजा रिपोर्ट में यह पता चला है कि विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी घूस लेकर ऐसे लोगों को लाइसेंस और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर रहे हैं जो न तो योग्य हैं और न ही उनके दस्तावेज़ सही हैं।

मुख्य समस्या यह है कि बिना उचित जाँच के फिटनेस सर्टिफिकेट और ड्राइविंग लाइसेंस जारी हो रहे हैं, जिससे राज्य में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, साथ ही अनियमित तरीकों से टैक्स का भुगतान करने वाले वाहन स्वामियों को छूट भी मिल रही है, जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

प्रश्न : आप इस समस्या का मूल्यांकन तथा उपाय कैसे करेंगे ?

(a) कैसे विभाग में लाइसेंस और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाया जा सकता है ? (शब्द सीमा : 60 शब्द)

(b) क्या कठोर कानूनी व्यवस्था और तकनीकी निगरानी जैसे उपाय विभाग में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में सक्षम हो सकते हैं ? (शब्द सीमा : 60 शब्द)

(c) टैक्स चोरी को रोकने और राजस्व में सुधार लाने के लिए किन कदमों को लागू किया जाना चाहिए ? (शब्द सीमा : 30 शब्द)

Study the following case carefully and answer the questions that follow: (Word Limit: 150 Words)

For many years, officials in the state transport department have been accused of corruption. Processes such as issuing licenses, collecting taxes and granting fitness certificates are marred by bribery and the handling of false documents.

A recent report has revealed that many officials and employees of the department are taking bribes to issue licenses and fitness certificates to individuals who are neither qualified nor have legitimate documents.

The main problem is that fitness certificates and driving licenses are being issued without proper verification, leading to an increase in road accidents in the state. Additionally vehicle owners who are irregular in paying taxes are being given undue exemptions, resulting in financial losses for the state.

Questions: How will you solve the problem?

(a) How can transparency and accountability be enhanced in the processes of issuing licenses and fitness certificates within the department? (Word Limit: 60 Words)

(b) Can strict laws and technological surveillance measures effectively control corruption in the department? (Word Limit: 60 Words)

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

(c) What steps should be implemented to curb tax evasion and improve revenue collection? (Word Limit: 30 Words)

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q24. केस स्टडी - I (शब्द सीमा : 150 शब्द)

एक शुगर मिल शहर के पास लगाई गई। स्थानीय लोगों ने विरोध जताया परन्तु उनका विरोध अनसुना कर दिया गया। जब मिल में जोर-शोर से गन्ना पिराई शुरू हुई तो औद्योगिक अपशिष्ट के कारण वहाँ प्रदूषण फैलने लगा। बॉयलर्स में खोई के जलने से नाइट्रोजन, कार्बन, सल्फर फैलने लगा, जिससे प्रदूषण हुआ और उसका प्रतिकूल प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा। अतः स्थानीय लोगों ने व्यग्र आंदोलन किए और प्लांट को तुरन्त बन्द करने की माँग की। आंदोलनों से कानून व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। अतएव पुलिस प्रशासन ने कठोर कदम उठाए। लोगों की चीख-पुकार की वजह से सरकार ने शुगर मिल प्लांट को बन्द करने के आदेश दे दिए। मिल बन्द हो गई। इससे बहुत लोगों का रोज़गार चला गया। उनका वित्तीय स्वास्थ्य खराब हो गया। इससे उनके बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। जीविका चले जाने से परिवार के सदस्यों पर प्रतिकूल असर हुआ। आप राज्य सरकार में उस क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी होने के नाते इस समस्या का समाधान कैसे करेंगे ? निम्न विकल्पों के पक्ष-विपक्ष में तर्क दीजिए :

(a) पर्यावरण-उत्तरदायित्व की दृष्टि से (शब्द सीमा : 60 शब्द) [04 अंक]

(b) क्षेत्र के नागरिकों की आर्थिक समस्याओं को ध्यान में रखने की दृष्टि से (शब्द सीमा : 60 शब्द) [04 अंक]

(c) प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखने की दृष्टि से (शब्द सीमा : 30 शब्द) [02 अंक]

Case Study - I (Word Limit: 150 Words)

A sugar mill unit was established close to a city. Local people objected to it but their opposition was brushed aside. When the unit started its full swing cane crushing, there was lot of pollution caused by industrial effluents. Burning of bagasse in boilers produced nitrogen, carbon, sulphur affecting the health status of people. However, it led to series of agitations by local people demanding immediate closure of the plant. Agitations created law and order problems. So stern police action was taken. Due to lot of public screaming, state government ordered the closure of sugar mill plant. Mill was closed. It resulted in lot of unemployment badly affecting financial health of employees and consequently affecting the health and education of their children and other family members who were dependent on sugar mill for their livelihood. As an officer-in-charge in State Govt. in that area, how will you solve this problem? Give your argument in favour of/ against following options:

(a) From perspective of environmental responsibility. (Word Limit: 60 Words) [04 Marks]

(b) Perspective of financial problems of local people in the area. (Word Limit: 60 Words) [04 Marks]

(c) Perspective of public administration. (Word Limit: 30 Words) [02 Marks]

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

Q25. केस स्टडी - II (शब्द सीमा : 150 शब्द)

आप एक वरिष्ठ लोक सेवक हैं। आपकी एक अधिकारी मित्र बहुत मेहनती हैं, अपना काम समय पर पूरा करती हैं लेकिन हमेशा अपने अधीनस्थों को किसी न किसी बात के लिए दोषी ठहराकर उनका मनोबल गिराती है। वह सभी को चौकाती रहती हैं। अकसर कार्यालय में चिल्लाती रहती हैं और काम करते समय सिर्फ नियमों का पालन करना चाहती है। अगर कोई जूनियर अधिकारी कार्य पूरा नहीं करता तो वह उसका अपमान भी करती है। काम करने का उसका एकमात्र मंत्र है "काम पूरा करो — चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े"। इस दबंग रवैये के कारण, आपकी मित्र को अधीनस्थ कर्मचारी पसंद नहीं करते।

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

उसके रवैये के बारे में आप क्या कार्यवाही करने का सुझाव देते हैं ?

(a) अधिकारी के अंतर-विभागीय सामाजिक सम्बंध और आवाज व्यवहार की सुधार की जरूरत है।

(b) अधिकारी के विरुद्ध सेवा नियमों का संरेखण।

(c) सरकारी अधिकारी को सद्भावनापूर्वक अपने अधीनस्थ को सूचना संप्रेषित करनी चाहिए।

Case Study - II (Word Limit: 150 Words)

You are a senior civil servant. One of your officer friend is hard working, completes her work on time but always demoralizes her subordinates by blaming them for one or the other thing. She keeps everyone on toes; often she shouts on her officer and wants to just follow the blue book while working. She also insults the junior officers if one fails to get the things done. Her only mantra to work is to "get the things done whatever it takes". Due to this bossy attitude, your friend is not liked by the subordinates.

What action you suggest about her attitude?

(a) Officer's inter-departmental social ties and voice behaviour need to be improved.

(b) Alignment of service rules with the officer.

(c) A government servant should communicate information in good faith to another subordinate.

[10 अंक / 10 Marks | 150 शब्द / Words]

CHAHAL IAS